**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेषिक समाचार**

**दिनांक: 28.01.2025** **समय : 18.30 पीएम**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देहरादून में 38वें राष्ट्रीय खेलों का औपचारिक उद्‌घाटन –राजस्थान के 421 खिलाड़ियों का दल 26 मुकाबलों में हिस्सा लेगा।
- केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा–देश में सड़क हादसों से सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर को सालाना तीन प्रतिशत का नुकसान।
- भारत–पाक सीमा पर बीएसएफ के **ऑपरेशन सर्द हवा** का कल समापन होगा।
- प्रदेश के कई हिस्सों में शीतलहर का असर जारी–अगले दो दिनों में तापमान में गिरावट के आसार।

000

38वें राष्ट्रीय खेलों का आगाज आज से उत्तराखण्ड में हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देहरादून में राजीव गांधी अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में इसका औपचारिक उद्‌घाटन कर रहे हैं। राज्यों के खिलाड़ियों के मार्च पास्ट और रंगारंग कार्यक्रमों के बीच राष्ट्रीय खेलों का शुभारंभ हो रहा है।

000

ये खेल 14 फरवरी तक चलेगें, जिनमें देशभर के 10 हजार से ज्यादा खिलाड़ी हिस्सा लेगें। राष्ट्रीय खेलों के दौरान 35 खेलों की कुल 47 स्पर्द्धाएं होगी। राजस्थान से भी 421 खिलाड़ियों का दल 26 मुकाबलों में हिस्सा लेगा। राज्य की वॉली बॉल, बास्केट बॉल, शूटिंग और तैराकी टीमें उत्तराखण्ड पहुंच गई हैं।

000

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि वर्ष 2024 में लगभग 5 लाख सड़क दुर्घटनाएं हुई। इनमें एक लाख 80 हजार लोगों की मौत हुईं। आज नई दिल्ली में ग्रामीण विकास और प्रौद्योगिकी केंद्र की ओर से आयोजित **प्रोजेक्ट अभय** के समापन कार्यक्रम में श्री गडकरी ने कहा कि 66 प्रतिशत मौतें 18 से 34 वर्ष के आयु वर्ग में हुईं। उन्होंने कहा कि सड़क हादसों से देश की **सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर** को सालाना तीन प्रतिशत का नुकसान होता है।

000

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत प्रदेशभर में विभिन्न माध्यमों से लोगों को सड़क हादसों की रोकथाम और यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए लगातार समझाइश, वाहन रैली, शपथ कार्यक्रमों, नुक्कड नाटकों और अन्य गतिविधियों के जरिये यातायात नियमों के पालन का संदेश दिया जा रहा है। इसी कड़ी में दौसा में आज पुलिस अधिकारियों ने फूल देकर लोगों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक रंजीता शर्मा ने दुपहिया वाहन चालकों को हैलमेट भी वितरित किये। श्रीगंगानगर में आज सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों और एनसीसी कैडेट्स ने हिस्सा लिया।

000

**अब खबर महाकुंभ से–**

उत्तरप्रदेश सरकार ने मौनी अमावस्या के मद्देनजर कल महाकुंभ, प्रयागराज में सुरक्षा व्यवस्था कडी कर दी है। सरकार ने सात स्तरीय मजबूत सुरक्षा योजना लागू की है। महाकुंभ क्षेत्र को नो–वीआईपी जोन घोषित किया गया है। महाकुंभ मेला में सुरक्षा और निगरानी सुनिश्चित करने के लिए 50 हजार से अधिक पुलिसकर्मी और अर्ध सैनिक बलों को तैनात किया गया है। मेला क्षेत्र में और उसके आसपास लगभग 3 हजार सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। जिनमें से 328 एआई सक्षम कैमरे शामिल है। संगम के पानी के नीचे होने वाली गतिविधियों पर निगरानी रखने के लिए पहली बार पानी के नीचे ड्रोन तैनात किए गए हैं।

मौनी मावस्या का पर्व और आगे जितने भी आसन्न पर्व है। उनमें सुरक्षा की पूरे पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मेला क्षेत्र के विभिन्न घाटों पर भीड़भाड़ को रोकने के लिए निकासी टीमों और गोताखोरों को तैनात किया गया है।

000

केन्द्रीय बजट एक फरवरी को पेश किया जाएगा। वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए आम बजट पेश करने की तैयारी कर रही है। विशेषज्ञों और आम लोगों को उम्मीद है कि इस बार सरकार विकास, रोजगार सृजन और वित्तीय प्रबंधन पर अधिक ध्यान केंद्रित करेगी।

जैविक खेती करने वाले किसानों को भी आने वाले बजट से बहुत आशाएं हैं। भीलवाड़ा जिले के माण्डलगढ क्षेत्र के बीगोद गांव के जैविक खेती करने वाले किसान रजाक मोहम्मद का कहना है कि जैविक खेती करने वालों को प्रोत्साहित करने लिए सरकार को मार्केटिंग सुविधा उपलब्ध करवानी चाहिए। इससे ज्यादा से ज्यादा किसान जैविक खेती से जुडेगें और पर्यावरण संरक्षण भी होगा।

000

भारत पाक सीमा पर सीमा सुरक्षा बल की ओर से ऑपरेशन सर्द हवा चलाया जा रहा है। सर्दी के मौसम में सीमा पर किसी प्रकार की घुसपैठ और अवांछनीय गतिविधियों की रोकथाम के लिए ये ऑपरेशन चलाया जाता है। इस दौरान सुरक्षा गश्त बढ़ा दी जाती है और साथ ही चौकसी के लिए अतिरिक्त जवान भी तैनात किये जाते हैं। और ब्यौरा हमारे जैसलमेर संवाददाता से–

000

राज्य सरकार ने पशुपालकों के पशुधन को सुरक्षा प्रदान करने के लिए **मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा** योजना शुरू की है। पशुपालकों को वित्तीय सुरक्षा देने और पशुओं की आकस्मिक मृत्यु होने पर उन्हें सहायता पहुंचाने के उद्देश्य से ये योजना बनाई गई है। प्रदेश में चल रहे पशु कल्याण पखवाडे के तहत शिविर आयोजित कर पशुपालकों को योजना की जानकारी दी जा रही है। डीग से पशुपालन विभाग की उपनिदेशक डॉ. भावना यादव ने बताया कि मंगला योजना के तहत पशुओं का निःशुल्क बीमा किया जा रहा है।

000

पाली जिले के सुमेरपुर में 9 आयुष्मान आरोग्य मन्दिर भवन बनाये जायेंगे। कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने आज इनका शिलान्यास किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री कुमावत ने कहा कि इन उप स्वास्थ्य केन्द्रों के माध्यम से गांव के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। उधर कोटपूतली–बहरोड़ में जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने आज विभिन्न चिकित्सा केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

000

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर केन्द्र सरकार ने पदम पुरस्कारों की घोषणा की गई। इनमें पदमश्री अलकंरण के लिए राजस्थान की तीन हस्तियों के नाम का भी ऐलान किया गया है। इनमें लोक गायन मांड और भजनों के जरिये देश–विदेश में पहचान रखने वाली जयपुर की बतूल बेगम भी शामिल है। आठ साल की उम्र से गायन में रूझान रखने वाली बतूल बेगम अब तक 25 देशों में अपनी कला का प्रदर्शन कर चुकी हैं और राजस्थानी लोक संगीत की विरासत को समृद्ध कर रही हैं। वर्ष 2021 में उन्हें राष्ट्रपति की ओर से नारी शक्ति पुरस्कार भी प्रदान किया गया था। पदमश्री पुरस्कार दिये जाने की घोषणा पर उन्होंने केन्द्र सरकार का आभार जताया है।

000

राज्य के कई हिस्सों में शीतलहर का असर बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार आज सीकर, अलवर, करौली, नागौर और चूरू सहित कई स्थानों पर तापमान 4 डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड हुआ। सीकर के फतेहपुर में न्यूनतम तापमान एक डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकतर शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। राजधानी जयपुर में लोगों को फिलहाल कड़ाके की ठण्ड से राहत मिली है। यहां आज न्यूनतम तापमान 9 दशमलव 2 डिग्री सेल्सियस रहा। अगले दो दिनों में कई स्थानों पर तापमान में 1 से 2 डिग्री सैल्सियस की गिरावट के आसार है।

000